घाघरा में 42 बोराबांध का निर्माण कराएगा 'प्रदान'

घाघरा | प्रतिनिधि

घाघरा में बोराबांध बनाते ग्रामीण। • हिन्दुस्तान

उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के अधिकतम प्रयोग द्वारा सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रदान द्वारा घाघरा में 42 बोरा बांध का निर्माण कराया जायेगा। ग्रामीणों के सहयोग प्रदान ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है। जिसमे गांव की महिला विकास मंडल से जुड़ी महिलाएं महती भूमिका निभा रही है।इसी कड़ी में शुक्रवार को प्रदान और महिला विकास मंडल द्वारा चेचेपाट और तिलसिरी में बोरा बांध योजना पूर्ण की है।

प्रदान के सुभोजित घोष ने बताया कि बोरा बांध के जरिये अप्रयुक्त जल स्त्रोत का संचयन का कार्य किया जाता है। एक बोरा बांध से औसतन करीब 15 एकड़ भूमि की सिंचाई की जा सकती है। उन्होंने बताया कि बोराबांध के जरिये सिंचाई सुविधा उपलब्ध करा घाघरा इलाके में सामुदायिक तौर पर तरबूज की खेती करने की योजना है।श

घोष ने बताया कि महिला विकास मंडल के सदस्यों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता को लेकर यह कार्यक्रम प्रदान पिछले तीन वर्षों से चला रखी है। इसमें काफी हद तक सफलता भी मिली है। चेचेपाट और तिलसिरी के बोरा बांध योजना तैयार करने में प्रदान के जितेंद्र कुमार, बिपिन, अभय, बिट्टू, राजू, सुकरु, देवगन सहित ग्रामीण कलावती देवी, दुलारी देवी, सरोज कुमारी सहित अन्य लोग शामिल थे।